जनता से रिश्ता
www.jantaserishta.com

BREAKING: ब्रांडेड कंपनियों की पैकिंग में बिक रही नकली चाय, मामलें में जांच जारी



Balasore. बालासोर। ओडिशा के बालासोर जिले में पुलिस ने एक फैक्ट्री पर छापा मारकर नकली चाय बनाने और देश के बड़े ब्रांडों के नाम का गलत इस्तेमाल करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह फैक्ट्री जलेश्वर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 60 के पास अग्रवाल चौक पर चल रही थी। कई बार की गई शिकायतों के बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने इस गोरखधंधे पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए थे। इसके बाद एक विशेष टीम और स्थानीय पुलिस ने मिलकर इस नकली चाय पैकिंग फैक्ट्री पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस को कई जानी मानी

कंपनियों के नाम और लोगो वाली पैकिंग में नकली चाय बिकती हुई मिली। जांच में सामने आया कि स्थानीय बाजार से सस्ती चाय खरीदकर उसे बड़े ब्रांड्स के नाम से पैक करके बेचा जा रहा था। हैरानी की बात तो यह थी कि यह फैक्ट्री एक किराए के मकान में ऑटो पार्ट्स की दुकान के नाम से चल रही थी। बाहर एक साइनबोर्ड भी लगाया गया था ताकि किसी को शक न हो। लेकिन अंदर बड़े पैमाने पर नकली चाय की पैकिंग का काम चल रहा था।

Source: https://jantaserishta.com/national/breaking-fake-tea-being-sold-in-the-packing-of-branded-companies-investigation-continues-in-the-matter-3687572